# रिपोर्ट

## [1 Pl 3/48 UP NCC COY]

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पधारे जिलाधिकारी गोंडा महोदय का एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा स्वागत- सम्मान

आज दिनांक 14 फरवरी 2022 को डा उज्जवल कुमार, जिलाधिकारी गोंडा का श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा मुख्य परिसर में प्रथम आगमन हुआ। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु पधारे जिलाधिकारी महोदय का महाविद्यालय एन.सी.सी. इकाई के कैडेट्स द्वारा हथियार के साथ सलामी देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय एनसीसी इकाई अपने उच्च गुणवत्ता प्रशिक्षण के लिए विख्यात है। जिलाधिकारी महोदय ने छात्र छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक करते हुए, यह जागरूकता का संदेश गांव गांव, घर घर तक ले जाने का आह्वाहन किया। उन्होंने बताया कि हम सबका यह नैतिक कर्तव्य है कि हम सब मिलकर जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यह विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय की छात्र छात्राएं इस पुनीत कार्य को अवश्य ही पूर्ण मनोयोग से करेंगे।

इस अवसर पर गोंडा के मुख्य विकास अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, आई.ए.एस, डा कृष्णा नंद पाण्डेय, डा अतुल सिंह, डा जितेंद्र सिंह, डा शैलेंद्र नाथ मिश्र, डा पुष्यमित्र मिश्र, अमित कुमार शुक्ल आदि प्राध्यापक, एनसीसी कैडेट निधि सोनी, सृष्टि मौर्या, शालिनी मौर्या, कार्तिकेय कुलदीप, सुभम, मो इब्राहिम, सुनील तिवारी, अमन सिंह, खुशी सिंह, साक्षी सिंह, अनामिका सिंह, निष्ठा शुक्ला, वंशीता शुक्ला, हर्षिता मिश्रा, स्वाति भारती आदि कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

**--- डॉ पुष्यमित्र मिश्र**

**केयर टेकर- एन.सी.सी.**

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda